Title: Issues relating to refugees of 'Pakistan Occupied Kashmir (POK)'.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : अध्यक्ष जी, मैं आपकी इजाजत से पीओके के रिफ्युजीज का मसला सदन के सामने रखना चाहूंगा। आप जानते ही हैं कि हमारे जम्मू-कश्मीर का एरिया 2 लाख 22 हजार 236 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 78,114 वर्ग किलोमीटर पर पाकिस्तान और चीन ने गैरकानूनी ढंग से कब्जा कर रखा है। इसमें से 5 हजार 180 वर्ग किलोमीटर पाकिस्तान ने चीन को गैरकानूनी ढंग से हैंडओवर कर दिया है। चीन ने अपने पास 37,555 वर्ग किलोमीटर एरिया रखा हुआ है। जो लोग मीरपुर और मुजफ्फराबाद से आये थे, उनको रिफ्यूजी स्टेट्स भी नहीं मिला है। मीरपुर में हमारे हिंदू और सिख भाई थे जिनकी तादाद 96,575 है। मुजफ्फराबाद, पुंछ और मीरपुर से जिन लोगों को निकाल दिया गया था, उन लोगों के पास न जमीन है, न मिल्कियत है और न ही वे वापस जा पाये हैं। मीरपुर में मंगला डैम बन गया लेकिन मीरपुर के लोगों को कहा गया कि आप मीरपुर वापस जाएंगे, तो क्या वे पानी में वापस जाएंगे? पाकिस्तान ने हिंदुस्तान के हमारे रिफ्युजीज को क्या कोई कम्पन्सेशन दिया? मैं कहना चाहता हूं कि इस बारे में एक कमीशन बनना चाहिए।

कमीशन बना कर इन लोगों को रखा जाए। असैम्बली में 24 सीटें खाली पड़ी है। इनका वहां प्रतिनिधित्व नहीं है। इन लोगो को ड्यू रिप्रैजेंटेशन मिले।

MR. SPEAKER: Now, Shri Mallikarjuniah.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please do not disturb him. He is a very respected Member. He speaks rarely.